Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 05-12-2006

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

an>

Title: Need to confer Shourya Award and Amrita Devi Bishnoi Rastriya Award upon police personnel who laid down their lives in an effort to rescue and save wildlife from the hands of poachers.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर)ः उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जोधपुर में डाजीयावास थाना का सिपाही गंगाराम बिश्नोई हिरण को बचाते हुए शिकारियों के हाथों से शहीद हो गया। उसका मुकदमा संख्या 42/2006 जुर्म अंतर्गत धारा 302/34 भा.द.स. में पुलिस थाना डाजीयावास जिला जोधपुर में दर्ज हुआ। बाद में तफतीश में शिकारियों के खिलाफ चालान पेश हो गया है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्री एवं वन और पर्यावरण मंत्री से निवेदन करना चाहता हूं कि शहीद गंगाराम बिश्नोई को शौर्य पुरस्कार एवं अमृता देवी बिश्नोई राट्रीय वन्य जीव रक्षा एवार्ड से सम्मानित किया जाए ताकि वन्य प्राणियों की रक्षा करने वालों का हौंसला बढ़ सके। श्री हरी सिंह राजपुरोहित भी वन्य जीवन की रक्षा करते हुए शहीद हुआ था। उसे भी दोनों पुरस्कारों से सम्मानित किया जाए।